Title: Need to take neccessary steps to protect the human life from cyclone likley to came again in Orissa.

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल (वाराणसी): उपाध्यक्ष जी, कल एक निजी टी.वी. चैनल के द्वारा समाचार निर्गम किया गया कि बंगाल की खाड़ी में दबाव कम होता जा रहा है और उसके कारण उड़ीसा में पुनः तूफान आने की सम्भावना है। दैवी आपदा से कराहती उड़ीसा की मानवता अभी २९ अक्तूबर को आए भारी तूफान से त्रस्त है और उसकी त्रासदी झेल रही है। वहां जनता को राहत पहुंचाने का काम अभी चल रहा है। वहां के लोगों के पुनर्वास की समस्या मुंह बाए खड़ी है। राहत कार्य और पुनर्वास के मामले में प्रदेश सरकार विफल है, जिसके चलते वहां के कांग्रेस के पूर्व मुख्य मंत्री को बदलना पड़ा, फिर भी इन कामों में तीव्रता नहीं आई। केन्द्र सरकार द्वारा भेजी गई राशि का भी वहां सदुपयोग नहीं हो पा रहा है। वहां की मानवता कराह रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि वहां फिर से तूफान आने की सम्भावना है, उसके लिए आवश्यक एहतियाती कार्यवाही की जाए औ जान-माल की रक्षा की जाए।